an>

Title: Need to establish a Sports Academy and a stadium at Dhanbad, Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे शून्यकाल में एक महत्वपूर्ण विषय उठाने का अवसर दिया है, विशेÂष रूप से इसलिए भी आभारी हूं कि आज भगवान बिरसा, सिद्धू कानू, चांद भैरव जो अंग्रेजों द्वारा फांसी पर लटका दिए गए, आदिवासी समाज के कल्याण के लिए काम करते थे, उनके क्षेत्र की समस्या उठाने का अवसर दिया है।

महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र धनबाद देश के कोयले की राजधानी गिना जाता है। वहां कई बड़े-बड़े प्रतिÂठान हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में बोकारो स्टील प्लांट है, डीवीसी के दो प्रोजैक्ट - मैथन और पंचेत हैं। लाखों लोग वहां सरकारी कर्मचारी के रूप में भी काम करते हैं। लेकिन वहां खेल-कूद की कोई व्यवस्था नहीं है। वहां न उच्च स्तरीय स्टेडियम है, न कोचिंग सैंटर है। वहां प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है, लेकिन राÂष्ट्रीय और अंतर्राÂष्ट्रीय स्तर के खेल वहां सम्पन्न हों, प्रतिभावान खिलाड़ियों को अवसर मिले, इसलिए मैं आपके माध्यम से खेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि इसकी व्यवस्था करने का कÂट करें।

HON. SPEAKER: S/Shri Sharad Tripathi, Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Pashupati Nath Singh.